नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 158/2020
Dt-21.12.2020

सेवा में,

माननीय उप मुख्य (नगर विकस एवं आवास) मंत्री
बिहार, पटना।

विषयः– मधुबनी जिला अन्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर स्थित झंझारपुर नगर पंचायत को नगर परिषद् में उत्क्रमित करने के संबंध में।

महोदय,

मधुबनी जिला अन्तर्गत मेरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर में झंझारपुर नगर पंचायत 1976 से अधिसूचित है, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव के द्वारा कार्यालय पत्रांक, 1713 दिनांक 14/05/2020 के द्वारा पुराने नगर निकायों को उत्क्रमित करने संबंधित बिहार के सभी जिला पदाधिकारीयों से प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया था जिला पदाधिकारी मधुबनी ने सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्र के आलोक में अपने कार्यालय पत्रांक 311/ दिनांक 20/05/20 को कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत झंझारपुर को नगर परिषद् में उत्क्रमित करने से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया।

पूर्व में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत झंझारपुर ने अपने कार्यालय पत्रांक 566/दिनांक 3/10/2019 को प्रस्ताव झझारपुर नगर पंचायत को नगर परिषद् उत्क्रमित करने से संबंधित विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध करा दिया गया था, पुनः कार्यपालक पदाधिकारी ने एक प्रस्ताव पास कर नगर पंचायत झंझारपुर को नगर परिषद् में उत्क्रमित से संबंधित प्रस्ताव अपने कार्यालय पटना, दिनाक 03/08/2019 के द्वारा प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को भेजा गया है।

अतः आपसे आग्रह है कि झंझारपुर नगर पंचायत को नगर परिषद् में उत्क्रमित करने की दिशा में समुचित आदेश देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in